YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > बुधवार, 20 जनवरी 2016 > पौष 30 शक 1937 > पौष शुक्ल 11 विक्रम 2072 पेज 18 > मूल्य 4.50 रु. या 8.50

फॉर्म लेने में आई तेजी

नर्सरी एडमिशन पर हाई कोर्ट के 2007 के आदेश को फॉलो करेंगे स्कूल

नर्सरी एडमिशन के लिए 22 जनवरी को फॉर्म लेने की आखिरी तारीख है। स्कूलों का कहना है कि हाई कोर्ट की सुनवाई के बाद पैरंट्स का कन्फ्यूजन भी साफ हो गया है। मैनेजमेंट कोटा खत्म करने और 62 क्राइटेरिया हटाने के दिल्ली सरकार के ऑर्डर पर हाई कोर्ट का फैसला 28 जनवरी को आएगा, मगर पैरंट्स को साफ हो गया है कि एडमिशन पिछले साल की तरह ही होंगे। एल्कॉन इंटरनैशनल स्कूल, मयूर विहार-1 के प्रिंसिपल अशोक पाण्डे कहते हैं, अब तक हमारे स्कूल से नर्सरी के 2500 फॉर्म ऑनलाइन रजिस्टर हो चुके हैं। माउंट आबू स्कूल, रोहिणी की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा कहती हैं, अब तक 1900 फॉर्म ऑफलाइन और ऑनलाइन रजिस्टर हो चुके हैं। वहीं, स्प्रिंगडेल्स स्कूल, पूसा रोड की प्रिंसिपल अमिता वुल्ला मुत्तल ने बताया कि अब तक 3500 फॉर्म ऑफलाइन लिए जा चुके हैं। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल के चेयरमैन एस. के. गुप्ता बताते हैं, हमारे स्कूल में अब तक 1600 फॉर्म बिक चुके हैं। एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा की प्रिंसिपल रोमा पाठक ने बताया कि उनके स्कूल में 1200 से ज्यादा फॉर्म बिक चुके हैं।